# University in News on 28 January 2024

## JAGRAN CITY PAGE III

# सम सेमेस्टर की पढ़ाई कल से

### लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागों ने समय सारिणी जारी की

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक विषम सेमेस्टर की ज्यादातर परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं। ऐसे में कुछ विभागों ने सम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू कर दीं। बचे हुए विभागों ने 29 जनवरी तो कुछ जगह एक फरवरी से पढ़ाई की समय सारिणी जारी की गई है।

29 जनवरी से एम.एससी, बी.एससी भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र विभाग में बी.ए दूसरे, चौथे, छठे सेमेस्टर के साथ एम.ए दूसरे, चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के ग्रुप के साथ नोटिस बोर्ड पर भी इसे लगा दिया गया है। वहीं, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के हेड प्रो.अनिल कुमार ने 31 जनवरी से बी.ए और एम.ए की कक्षाएं शुरू करने का नोटिस जारी कर दिया। विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने नोटिफिकेशन जारी कर सम्बद्ध कालेजों को भी जल्द सम सेमेस्टर की कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

**यहां एक फरवरी से कक्षाएं :** एम.एससी बायोकेमिस्ट्री और एम.एससी बायो टेक्नोलाजी दूसरे व चौथे सेमेस्टर की कक्षाएं एक फरवरी से शुरू होंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. सुधीर मेहरोत्रा के अनुसार समय सारिणी फाइनल कर हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि बी.टेक छठे और आठवें सेमेस्टर की कक्षाएं भी एक फरवरी से शुरू होंगी। इसकी समय सारिणी तय हो गई है।

## HINDUSTAN PAGE 6

### विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में कार्यक्रम

लखनऊ। राजधानी के कई विश्वविद्यालयों व कॉलेजों में तिरंगा फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। एलयू में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने ध्वजारोहण किया। एकेटीयू में कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने तिरंगा फहराया। बीबीएयू में कुलपति आचार्य संजय सिंह ने संबोधित किया। भाषा विवि में कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर ने ध्वज फहराया। नवयुग महाविद्यालय, नेशनल कॉलेज, अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम कॉलेज समेत सभी विद्यालयों में आयोजन हुए।

### एलयू में कर्मयोगी योजना के लिए 31 तक आवेदन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में कर्मयोगी योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तय कर दी गई है। इस योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ विश्वविद्यालय में काम करना होगा। विद्यार्थियों को एक शैक्षणिक सत्र में 50 दिनों के अंदर 150 घंटा या प्रतिदिन अधिकतम 2 घंटे काम करने की अनुमति होगी।

### एलयू शिक्षिकाओं ने मोटे अनाज के लड्डू बनाए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और एकेटीयू ने राजभवन में आयोजित श्री अन्न प्रतियोगिता में कई पुरस्कार जीते हैं। युवावस्था वर्ग में एलयू की डॉ. अर्चना सिंह विजेता रहीं, जबकि प्रो. अमिता कनौजिया और डॉ. देविना सहाय ने अलग-अलग वर्गों में दूसरा स्थान प्राप्त किया। एलयू शिक्षिकाओं ने मोटे अनाज के लड्डू बनाए।

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि के छात्र ने जीता रजत पदक



लखनऊ। गुरुनानक देव विवि अमृतसर में हो रही अखिल भारतीय पेंचक सिलात अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लविवि के छात्र ने रजत पदक जीता है। बीपीएड छात्र विनय विश्वकर्मा ने 65 किग्रा. में पदक हासिल कर विवि का नाम रोशन किया है। कुलपति प्रो. आलोक राय व विवि क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने उन्हें बधाई दी। (संवाद)

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि के विनय विश्वकर्मा ने रजत पदक जीतकर बढ़ाया मान



लखनऊ। गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर में आयोजित हो रही अखिल भारतीय पेंचक सिलात अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लखनऊ विश्वविद्यालय के बीपीएड के छात्र विनय विश्वकर्मा ने 65 किग्रा में रजत पदक जीतकर लखनऊ विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। पिछले वर्ष भी इसी प्रतियोगिता में रिशांक अग्रवाल ने भी रजत पदक विजेता बने थे। इस उपलब्धि के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो आलोक कुमार राय जी ने विनय को बधाई दी है और उज्जवल भविष्य की कामना की है। लखनऊ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष प्रो रूपेश कुमार ने विनय को रजत पदक के लिए शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को आधुनिक कॉम्बैट खेलो के प्रति बढ़ती रुचि के लिए अंतर विश्वविद्यालय खेल संगठनों का आभार व्यक्त किया है।